Please upload on institute website.
Prof. I/c CCN
I/c CCN

# चीफ वार्डन
# एन० आई० टी० कुरुक्षेत्रा

दूरभाष नंबर– 01744-233249
01744-233191
M. 99960-19632
दिनांक: 21/02/2022

मैसर्स
______________
______________
______________

## निविदा सूचना

सभी वास्तविक सब्जी विक्रेताओ को सूचित किया जाता है कि वे सलग्न आवेदन पत्र पर मौसमी फलों व सब्जियों के लिए निविदा दे सकते है। इस सम्बन्ध में फर्म विक्रेता को निम्नलिखित शर्तो का पालन करना होगा:-

1. इस निविदा में भाग लेने के लिए फल/सब्जी विक्रेता की दुकान/फर्म मंडी समिति में रजिस्टर्ड होनी चाहिए या उसके पास नगरपालिका/नगरपरिषद दूरा दुकान चलाने का कोई प्रमाण होना चाहिए। तथा उसके पास फल/सब्जी सप्लाई करने का कम से कम 5 वर्ष का अनुभव होना चाहिए ।
   - निविदा में भाग लेने के लिए फल/सब्जी विक्रेताओं को 30000/-रूपये का डिमांड ड्राफ्ट **डायरेक्टर एन० आई० टी० कुरूक्षेत्रा ब्याज होस्टल नं० 11** के नाम निविदा फर्म के साथ बयाना राशि के तौर पर जमा कराना होगा। बिना डिमांड ड्राफ्ट के निविदा स्वीकार नही की जायेगी।
   - जिस भी विक्रेता की निविदा सबसे कम होगी, सब्जी सप्लाई का आर्डर उसी विक्रेता को दिया जायेगा। हालांकि चीफ वार्डन/वैजीटेबल समिति परिस्थितियों एंव होस्टल की जरूरत के आधार पर सब्जी/फल सप्लाई का आर्डर एक से ज्यादा विक्रेताओं को कभी भी दे सकते है। इस परिस्थिति में जिस विक्रेता ने सब्जियों/फलों के कम मूल्य दिये है चीफ वार्डन/ वैजीटेबल समिति इन विक्रेताओं की एक मीटिंग बुलाकर कुछ नियमों और शर्तो के आधार पर सब्जी/फल सप्लाई का आर्डर दे सकत है। हालांकि मीटिंग में उतने ही विक्रेताओं को बुलाया जायेगा जितने विक्रेताओं की होस्टल को जरूरत होगी।
   - जिन विक्रेताओं को सब्जी/फल सप्लाई का आर्डर मिल जाता है उनकी बयाना राशि को जमानत राशि के तौर पर (निविदा की अवधि तक) रख लिया जाएगा और जिन विक्रेताआ को सब्जी/फल सप्लाई का आर्डर नही मिलता है उनकी बयाना राशि का निविदा खुलने के 5 दिन के बाद वापस कर दिया जाएगा ।

- जिस किसी सब्जी/फल विक्रेता को सब्जी/फल सप्लाई का आर्डर मिल जाता है और वो सप्लाई करने से मना कर देता है तो उसकी बयाना राशि को जब्त कर लिया जायेगा और इस परिस्थिति में सब्जी/फल सप्लाई का आर्डर किस विक्रेता को देना है वैजीटेबल समिति/ चीफ वार्डन द्वारा तय किया जायेगा।

2. फल/सब्जियां ताजा व अच्छी गुणवत्ता वाली होनी चाहिए। फल/सब्जियों के वजन एवं गुणवत्ता का निरीक्षण नियमित रुप से किया जाएगा व यदि इनमें कोई भी कमी पायी गयी तो सारा का सारा सामान विक्रेता को वापिस कर दिया जाएगा तथा विक्रेता को उसके बदले पुन; दूसरा सामान भेजना होगा या उस वस्तु का मूल्य नही दिया जाएगा एवं कम से कम 500/- रुपये का जुर्माना भी किया जाएगा। यदि ये अनियमितताएं पुनः पायी गयी तो विक्रेता की निविदा निरस्त कर दिया जाएगी।
3. फल/सब्जियों के बिल समस्त विवरण के साथ प्रतिदिन विक्रेता को सम्बन्धित होस्टल में जमा कराने होंगे।
4. फल/सब्जियों का वास्तविक मूल्य थानेसर सब्जी मंडी अधिकारी / मंडी की अधिकारिक वेबसाइट(http://agmarknet.nic.in/agnew/NationalBEnglish/MarketwiseDailyReport7) से प्राप्त (प्रतिदिन की) हर एक समान के औसत मूल्य सूची के आधार पर दिया जाएगा।
5. विक्रेता को बिलों का भुगतान प्रत्येक माह के आधार पर रेखांकित चैक द्वारा विक्रेता फर्म के नाम से ही किया जाएगा।
6. सभी विक्रेता फर्म को सब्जी एवम फलों की, सभी होस्टलो में सप्लाई करनी होगी।
7. यदि विक्रेता फर्म फल/सब्जियों की सप्लाई करने में असमर्थ है तो उसे कम से कम एक महीने पहले नोटिस देना होगा। अन्यथा उसके समस्त पिछले बिलों का भुगतान नही किया जाएगा एवं उसकी जमानत राशि जब्त कर ली जाएगी।
8. यै निविदा एक वर्ष के लिए वैद्य होगी।
9. सभी मामलों में चीफ वार्डन एन० आई० टी० कुरूक्षेत्रा का निर्णय अन्तिम एवम मान्य होगा। किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार चीफ वार्डन के पास होगा।

सभी निविदा (टैडर) मुहरबन्द लिफाफों में दिनांक 04.03.22 तक होस्टल नं० 11 एन० आई० टी० कुरूक्षेत्रा के आफिस में रजिर्स्टड पोस्ट के द्वारा पहुंच जानी चाहिए। सभी आवेदकों को अपने आवेदनो के साथ द्योषणा पत्र में यही लिखना होगा कि उन्हे टैडर की सभी शर्ते मान्य है अन्यथा उनके आवेदन टैडर निरस्त किए जा सकते है।

निविदायें दिनांक 08.03.22 को 12:30 pm चीफ वार्डन आफिस में कमेटी के सदस्यों की उपस्थिति में खोली जाएगी।

21/2/22

चीफ वार्डन
एन० आई० टी० कुरुक्षेत्रा

21/2/22

21/02/2022 21.2.22 21/2/2022 21.2.22 21/02/22 21/2/22

**(निविदा आवेदन प्रपत्र)**

सेवा में

चीफ वार्डन
एन० आई० टी० कुरुक्षेत्रा

विषय:- **फलो/सब्जियों के लिए निविदा/कोटेशन के बारे में** ।

महोदय जी;

में/हम _______________ आपको वे वस्तुंए आपके द्वारा मण्डी अधिकारी/ मण्डी की अधिकारिक वेबसाइट से प्राप्त (प्रतिदिन की) हर एक समान के औसत मूल्य (Average Rate) से ___________% लाभ लेकर आपके छात्रावासो में सप्लाई करुंगा/करेंगे। में/हम फल/सब्जियों को सप्लाई करने का कार्य पिछले __________ वर्षो से कर रहा हूं तथा मेरी फर्म रजिस्टर्ड है/मेरे पास नगरपरिषद/नगरपालिका द्वारा सब्जी दुकान की फीस की रसीद है। तथा मेरी फर्म/दुकान निम्नलिखित पते पर स्थित है।

पता_______________

_________________

_________________

फोन/मोबाइल नं० ________

धन्यवाद

भवदीय

(हस्ताक्षर)

नोट;-

मै/हम यह भी घोषित हूं/करते हे कि मेन/हमने टेडर प्रपत्र की सभी शर्तो को पढ लिया है और मुझे टैंडर की सभी शर्ते मान्य है
मैने रुपये 30000 का डिमाण्ड ड्राफ्ट नं० ____________ इस आवेदन के साथ लगा दिया है।

भवदीय

( हस्ताक्षर )

मोहर

दिनांक;-

स्थान:-